Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 09-01-2022 | अंक 109

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## अनमोल वचन




### आज का पं्चाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांकः ---10.01.2022
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतुः---हेमन्त
माहः---पौष
पक्षः---शुक्ल पक्ष
तिथिः---अष्टमी तिथि दिन 03:56 उपरांत नवमी तिथि
दिनः---सोमवार
नक्षत्रः---रेवती नक्षत्र दिन 12:32 मिनट तक उपरांत अश्विनी नक्षत्र
योगः---शिव
करणः---का
सूर्योदय :--प्रातः 06:44
सूर्यास्त : संध्या 05:16
सूर्य :---धनु राशि में
चंद्रमा :---मीन राशि में दोपहर 12:32 तक उपरांत मेष राशि मे
आज का राहूकाल प्रातः :---07:30 बजे से प्रातः :---09:00 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खासः---आज भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक करने से मन शांत रहता है
(नोटः---दिनांक 05-01-2022 के रात्रि 11:59 से 10-01-2022 के दिन 12:32 तक पंचक रहेगा।)



आलेख :
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर
इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

# अपेम ट्रस्ट की ओर से वार्षिक अपेम मिलन,वनभोज एवं कोरोना जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## कोरोना से डरना नही है, बल्कि सावधानी से अपेम के उद्देश्य की पूर्ति करना है : डॉ अनिल कुमार

## अपेम आने वाला समय मे गर्व की अनुभूति कराएगा : कपिल केशरी




कार्यक्रम का उद्घाटन करते अपेम के अधिकारी





**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

अपेम ट्रस्ट बरही की ओर से जवाहर घाट स्थित डीवीसी फार्म हाउस परिसर में वार्षिक अपेम मिलन , वनभोज एवं कोरोना जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति एवं संचालन कोषाध्यक्ष सुनील कुमार श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन अपेम के मुख्य संरक्षक कपिल प्रसाद केशरी, मुख्य सलाहकार डॉ अनिल कुमार, अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, सचिव दयानंद चौरसिया, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार श्रीवास्तव, संरक्षक दीपक पाठक, कृष्णा यादव, उमेश ठाकुर, शिव शंकर लाल, मो बेलाल एवं मुकेश कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं कार्यक्रम का शुरुआत अपेम आर्ट एंड कल्चर के गायिका लक्ष्मी कुमारी के द्वारा मधुर गीत गाकर किया गया। साथ ही अपेम के सभी संरक्षकों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। अपेम अध्यक्ष कृष्णा प्रजा. पति ने मंच को संबोधित करते हुए अपेम के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला और कोरोना से संबंधित जानकारी दी। वही चीफ एडवाइजर डॉ अनिल कुमार ने कोरोना से बचाव के उपायों की जानकारी दी। वही मुख्य संरक्षक कपिल प्रसाद केशरी ने वर्ष 2022 में अपेम का रोल से अवगत कराया। साथ ही अपेम लाइव न्यूज़ से जुड़े पत्रकारों को नेट डाटा उपलब्ध कराने की बात कही। कहा अपेम आने वाला समय मे गौरव की अनुभूति कराएगा। द्वारा अनगिनत किये गए कार्यो को गिनाया । तत्पश्चात अपेम में चंदवारा से जुड़े पत्रकार धीरज कुमार, ईश्वर पांडेय, मनीष बर्णवाल, अनिल कुमार पांडेय, अमित सिंह, खुर्शीद आलम, टुकलाल दास, विजय मोदी, कुलदीप रजक, पदमा से सुमन राज मेहता, कोडरमा से सौरव कुमार, रंजीता तारवे, श्रुति भदानी, गिरहिडीह से रोहित कुमार, बिरनी से सब्बा अहमद सभी पत्रकरो को अपेम के द्वारा शॉल, पुष्पगुच्छ, डायरी, पेन एवं पॉकेट पर्स देकर सम्मानित किया गया। वहीं अपेम के मुख्य सलाहकार डॉ अनिल कुमार के द्वारा बढ़ती कोरोना को लेकर लोगो को जागरूक किया गया। साथ ही कोरोना काल मे अपेम आपदा हेल्प डेस्क में काम करने वाले पत्रकार रितेश कुमार, अनुज यादव, सोनु पंडित, धनंजय कुमार, पप्पु केशरी एवं बीरेंद्र कुमार को कोरोना योद्धा का सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रदीप पांडेय ने गीत संगीत की प्रस्तुति दी। वही अपेम आर्ट एंड कल्चर की विकास विश्वास एवं उनके ग्रुप ने नृत्य संगीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत मे वेज एवं नानवेज के साथ लोगों ने वनभोज का आनंद उठाया। कार्यक्रम में दीपक पाठक, शिव शंकर लाल, मो बेलाल, उमेश कुमार ठाकुर, कृष्णा यादव ने नव वर्ष की शुभकामना देते हुए नई जोश एवं ऊर्जा के साथ काम करने की बात कही। मौके पर सुनील कुमार, दयानंद चौरसिया, रितेश कुमार, सोनु पंडित, अनुज यादव, ईश्वर यादव, धनंजय कुमार, आनंद प्रधान, सुजीत प्रधान, परमानंद पांडेय, शाहबाज़ खान, मानव राज सिंह, अनिल बर्णवाल, अमित अग्रहरि, पप्पु केशरी, मो उस्मान, मिथुन कुमार, रोहित कुमार, विशाल कुमार, रंजीत कुमार, नितेश कुमार, कुंदन कुमार, अनिकेत भारती, शुभम कुमार, बीरेंद्र कुमार, योगेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, सुमन राज मेहता, राज आर्यन उर्फ छोटी, बिंदेश्वर, उमेश कु यादव, कल्पना कुमारी, रजनी कुमारी, काजल खातुन, रंगिना कुमारी, मो सद्दाम हुसैन, उदित रवि, कुलदीप प्रसाद रजक, धीरज कुमार, अनिल पांडेय, सौरव राज सहाय, अमित सिंह एवं इंद्रदेव पांडेय मौजूद थे।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## वर्षों से बंद पड़ा है लाखो के लागत से बनी शौचालय

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

बरही प्रखंड कार्यालय के समीप शौचालय का निर्माण कई वर्ष पूर्व लाखो के लागत से किया गया था। लेकिन सबसे बड़ी दुर्भाग्य की बात यह है कि लगभग दो सालों से शौचालय बंद पड़ा हुआ है। शौचालय बंद रहने के कारण दूर दराज से आए लोगो को काफी परेशानी होती है। खासकर महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी झेलना पड़ता है। इस बात की जानकारी बरही के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को है लेकिन शौचालय बंद है इस बात का फर्क कोई अधिकारियों को नही पड़ता है। और सिर्फ प्रखंड़ कार्यालय का वर्तमान समय में शौचालय शोभा बढ़ा रहा है।




बन्द पडा शौचालय

## कारीमाटी में गरीब एवं असहाय लोगो के बीच किया गया कंबल वितरण

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव पंचायत के कारीमाटी में बढ़ते ठंढ को देखते हुए जरुरतमंद एवं असहाय लोगो के बीच कंबल वितरण किया। लाभुकों में गुजरी खातुन, चौधरी सचिन कुमार, पार्वती कुमारी, मसूरिया देवी, सुंदरी देवी, प्रयाग माहतो, ललिया मोसोमात एवं अन्य लोग शामिल है। मौके पर मौजूद संजय यादव ने कहा कि सरकार के द्वारा जो यह कंबल वितरण किया जा रहा है। यह बहुत ही सराहनीय कार्य है। और इससे मेरे मन को बहुत खुशी मिली है। मौके पर पंचायत प्रधान हरेंद्र गोप, महादेव यादव, तुलसी यादव, किशोर यादव, ईश्वर यादव, विजय राणा एवं कई लोग मौजूद थे।



लोगों को कंबल वितरण करते समाजसेवी

## चंदवारा के बेंदी में मनरेगा पार्क का शिलान्यास

### पार्क से मजदूरों को रोजगार व किसानों का होगा लाभ : उमाशंकर अकेला

**अपेम लाइवः चँदवारा**
**धीरज कुमार**

प्रखंड के बेंदी पंचायत अंतर्गत सिंदरी गांव में मन. रेगा पार्क का शिलान्यास बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने किया। इस दौरान विधायक उमाशंकर अकेला ने बताया कि मन. रेगा पार्क बनने से यहां के ग्रामीणों को सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा पार्क को बनाकर जहां मनरेगा मज. दूरों को रोजगार दे रही है। वहीं मनरेगा पार्क में बने कूप से सिंचाई की सुविधा मिलेगी। साथ ही साथ खेल मैदान के निर्माण से नौजवानों को खेलकूद तथा शारीरिक व्यायाम करने का अवसर प्राप्त होगा। उन्होंने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मनरेगा पार्क बनवाने की बात कही। प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार यादव ने कहा कि कई पंचायतों में गैरमजरूआ जमीन पर भू माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा किया गया है। जिस पर जिला प्रशासन की नजर है। उसे हटाकर मनरेगा पार्क बनाया जाएगा। मौके पर प्रमुख लीलावती देवी, जिप सदस्य अमृता सिंह, मुखिया मंजू देवी, बीपीओ मुकुंद श्रीवास्तव, जेई संजीव कुमार, पंचायत सेवक प्रफुल्ल सिंह, रोजगार सेवक धीरेंद्र कुमार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार मोदी, प्रभु भुंइयाँ, बीएफटी प्रदीप सिंह, मनोज शर्मा आदि मौजूद थे।




पार्क का शिलान्यास करते विधायक उमाशंकर अकेला व अन्य

## झारखंड भाजपा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में मुंबई में झारखंड का चौपाल का कार्यक्रम शुरू, प्रवासियों के चेहरे पर खुशी की लहर

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**




झारखंड भाजपा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में मुंबई में प्रवासी झारखंड के मजदूरों को लेकर चौपाल कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। चौपाल के कार्यक्रम की शुरुआत मुंबई की कांदिवली इलाके से किया गया है ।इस बाबत प्रभात मंत्र से सीधे बातचीत करते हुए झारखंड भाजयूमो कार्यसमिति सदस्य मनोज कुमार सिंह ने कहा झारखंड से आने वाले युवाओं को मुंबई में उनकी पढ़ाई लिखाई के आधार पर प्राईवेट नौकरी मिलता है ।वहीं जो अनपढ़ रहते हैं उन्हें भी यहां हर हाल में काम मिल जाता है ऐसे में झारखंड से आए युवाओं का कहना है मुंबई मेरा अभिमान है और यह हमारी यह कर्मभूमि है। ठाकुर मनोज कुमार सिंह की मानें तो आनेवाले मुंसिपल चुनाव में झारखंड के उम्मीदवार भी नजर आएंगे ।जिसकी तैयारी पूरे जोर-शोर के साथ की जा रही है ।वहीं झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा झारखंड से बाहर मैट्रिक और इंटर की पढ़ाई करनेवाले छात्रों को लेकर झारखंड में नौकरी नहीं दिए जाने को लेकर कानून बनाए जाने की दिशा में कदम बढाए जाने पर कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए झारखंड के राज्यपाल रमेश बैश प्रतिपक्ष के नेता बा. बूलाल मरांडी से मिलकर इस कानून को नहीं बनाए जाने को लेकर बड़े कदम उठाने की बात कही है ।द. ूसरी तरफ झारखंड चौपाल कार्यक्रम में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस,झारखंड प्रकोष्ठ के महामंत्री तथा प्रधानमंत्री आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम कुमार,एडवोकेट योगेंद्र ठाकुर मणिलाल शर्मा नव झारखंड फाउंड़ेशन के संस्थापक किशोरी राणा अमर सिंह लाल संजय रविदास समेत अन्य पार्टी से जुड़े लोगों ने कोविड -19 नियमों के तहत शिरकत किया।




कार्यकम मे शामिल मनोज सिंह व अन्य

## आरएसएस का सेवा सप्ताह का हुआ शुभारम्भ , अफीम कोठी एवं भुइयाँ टोली में चलाया गया संपर्क अभियान

### 70 परिवार से संपर्क स्थापित कर किया गया जागरूक, स्वालंबन की दी गई जानकारी

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से पुरे देश मे 9 जनवरी से 16 जनवरी तक सेवा सप्ताह चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आरएसएस की बरही शिवाजी शाखा की ओर से अफीम कोठी एवं पुराना ह०स्पिटल के पीछे स्थित भुइयाँ टोली में सेवा सप्ताह कार्यक्रम का शुभा. रंभ किया गया। दोनो टोली में सेवा बस्ती सम्पर्क अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक एवं स्वालम्बन की स्थिति की जानकारी घर -घर सम्पर्क व वार्ता कर प्राप्त करने का पुनीत कार्य का किया गया ।कार्यक्रम के तहत दोनों सेवा बस्ती के लगभग 70 परिवार में सम्पर्क स्थापित किया गया। सभी को कोरोना गाइड लाइन की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम का नेतृत्व सह सेवा प्रमुख उत्तर पूर्व क्षेत्र त्रिवेणी साव जी के मार्गदर्शन में ज़िला सहसेवा प्रमुख राजेश केशरी एवं खण्ड सेवा प्रमुख प्रिन्स रविशंकर प्रियदर्शी ने किया। दोनो के नेतृत्व में २४ स्वयंसेवक बन्धुओं के साथ-सानिध्य में सेवा ही श्रेष्ठ साधना की महत्ता के साथ सम्पर्क अभियान चलाया गया। प्रिंस रवि शंकर प्रिय दर्शी ने बताया कि तन समर्पित, मन समर्पित और यह जीवन समर्पित, चाहता हूँ मेरे देश की धरती तुझे कुछ और भी दूँ। उपरोक्त भावना से ओतप्रोत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बरही शिवाजी शाखा के स्वयंस. ेवकों ने इस करोना के संकट काल में भी अपने अदम्य साहस का परिचय देते हुए सेवा सप्ताह के तहत लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।



सेवा सप्ताह कार्यक्रम में मौजूद स्वयंसेवक

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक विधानसभा सभागार रांची में

### झारखंड माटी कला बोर्ड का पुनर्गठन ना होना कुम्हारों के साथ छलावा: झारखंड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ

**अपेम लाइव:रॉंची**
**सोनु पंडीत**



बैठक मे शामिल लोग

रांची के विधानसभा सभागार में झारखंड प्रजापति ( कुम्हार) महासंघ प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक हुई। इस बैठक की अध्यक्षता महासंघ के संरक्षक सह पूर्व विधायक श्री योगेश्वर महतो (बाटुल) ने किया। विषय प्रवेश एवं सदस्यता का ब्यौरा झारखंड माटी कला बोर्ड के पूर्व सदस्य सह प्रदेश सदस्यता प्रभारी श्री ईश्वर चंद्र प्रजा. पति ने एवं संचालन झारखंड माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्री चंद प्रजापति ने किया। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में खिजरी विधायक श्री राजेश कश्यप के द्वारा उठाए गए प्रश्नझारखंड माटी कला बोर्ड पुनर्गठन के जवाब में प्रदेश के वित्त मंत्री व कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष श्री रामेश्वर उरांव जी ने कहा कि झारखंड में माटी कला बोर्ड का कोई औचित्य नहीं है। इनके वक्तव्य का महासंघ आज प्रेस वार्ता कर पुरजोर विरोध करती है साथ ही साथ माननीय झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी से यह मांग करती है कि कुम्हार जाति जो पूरे प्रदेश में 32 लाख की जनसंख्या है आज हासिये पर दिख रहा है। निश्चित रूप से माननीय मुख्यमंत्री जी आप हम कुम्हारों की समस्या को देखते हुए झारखंड माटी कला बोर्ड का पुनर्गठन करने का कष्ट करेंगे ताकि झारखंड प्रदेश में जो दूसरे प्रदेशों से मिट्टी से संबंधित सामान सैकड़ों करोड़ रुपया का अपने प्रदेश में प्रतिवर्ष आता है। यदि यहां के कुम्हार को सारी सुविधाएं दी जाए तो यहां के कुम्हार शिल्पकार लोगों को स्वरोजगार करने का मौका मिलेगा इसके लिए आपको बोर्ड का गठन कर नई- नई तकनीक से ट्रेनिंग मुहैया कराने की आवश्यकता है। ।जिससे बाहर का सामान तो आने से रुकेगा ही हमारा राज्य भी स्वालंबन की ओर बढ़ेगा जो आपके एजेंडे का मूल सार है । प्रदेश के आर्थिक स्थिति को भी सुदृढ़ करने में सहायक होगा।

प्रदेश संगठन को मजबूत बनाने एवं सदस्यता को समय पर पूरा करने हेतु कुछ निर्णय लिया गया।

प्रमुख निर्णय

(1)आगामी एक सप्ताह के भीतर उपायुक्त के माध्यम से माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय राज्यपाल को झारखंड माटी कला बोर्ड के गठन हेतु मांग पत्र देना।

(2) 28 फरवरी तक सदस्यता समाप्त करना ।

(3) प्रदेश में सभी कार्य को संपादित करने हेतु एक कोर कमेटी बनाया गया । जिसमें मुख्य रुप से14सदस्य है जो इस प्रकार हैं---

(1) महासंघ के संरक्षक सह पूर्व विधायक श्री योगेश्वर महतो (बाटुल), बो. कारो ।

(2) झारखंड माटी कला बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष श्री चंद प्रजा. पति , लोहरदगा,।

(3) झारखंड माटी कला बोर्ड के पूर्व सदस्य सह सदस्यता प्रभारी श्री ईश्वर चंद्र प्रजा. पति, बोकारो ।

(4) झारखंड माटी कला बोर्ड के पूर्व सदस्य श्री राजेंद्र पंडित, गोड्डा ,।

(5) झारखंड माटी कला बोर्ड के पूर्व सदस्य श्री गंगाधर प्रजापति, जमशेदपुर ।

(6) झारखंड माटी कला बोर्ड के पूर्व सदस्य श्री नीरज प्रजापति, रांची ,

(7) प्रदेश सदस्यता सह प्रभारी श्री पप्पू पंडित, धनबाद।

(8) उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल सदस्यता प्रभारी श्री नरेंद्र कुमार प्रजापति, हजारीबाग,।

(9) उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल सदस्यता सहप्रभारी श्री विक्रम महतो ,बोकारो ।

(10) संथाल परगना प्रमंडल सह प्रभारी श्री लक्ष्मण पंडित दुमका।

(11) पलामू प्रमंडल प्रभारी श्री तुलसी प्रजापति ,पलामू।

(12) पलामू प्रमंडल सदस्यता सह प्रभारी श्री. विनोद प्रजापति,पलामू। ,

(13) कोल्हान प्रमंडल सदस्यता सह प्रभारी श्री तेतर प्रजापति, जमशेदपुर,।

(14) दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल सदस्यता सह प्रभारीश्री पुना बेसरा, सिमड.गा।

बैठक की समाप्ति के पहले महासंघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रहे स्वर्गीय राजेंद्र महतो की आत्मा की शांति के लिए सभी ने 1 मिनट का मौन धारण किया।

## प्रेस क्लब हजारीबाग चुनाव को लेकर आमसभा 27 जनवरी को

**अपेम लाइव: हजारीबाग**
**अमरजीत कु0 सिंह**


बैठक मे शामिल लोग

प्रेस क्लब हजारीबाग की आगामी चुनाव को लेकर 27 जनवरी को झील परिसर में पत्रकारों की आमसभा होगी। इस सभा में जिला व प्रखंड स्तर के सभी पत्रकार शामिल होंगे। इस बाबत रविवार को परिसदन भवन में प्रेस क्लब कार्यकारिणी बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता अध्यक्ष उमेश प्रताप व संचालन सचिव मिथिलेश मिश्रा ने की। सर्वसम्मति से आगामी चुनाव को लेकर 15 सदस्यीय चुनाव पर्यवेक्षक का चयन किया गया। इसमें अभिजीत सेन, सहदेव प्रसाद लोहानी, शैलेश शर्मा, गजेंद्र सिंह, नीलेंदु जयपुरियार, डॉ सलाउद्दीन, डॉ प्रसन्न मिश्रा, उमेश कुमार, डॉ जफरूल्ला सादिक, अविनाश रंजन, विकास सिंह, अमरनाथ पाठक, अर्जुन सोनी, अभय सिंह, प्रकाश पांडेय का नाम शामिल है। आम सभा में कार्यसमिति को भंग करते हुए चुनाव की जिम्मेवारी पर्यवेक्षक को सौंपेगी। आमसभा में सदस्यों को चयन करने के लिए एक संयोजक समिति की घोषणा की जायेगी। 27 जनवरी की आमसभा में चुनाव तिथि की घोषणा होगी। यदि चयनित पर्यवेक्षक चुनाव लडने की इच्छुक होंगे तो वह अपना नाम पर्यवेक्षक से वापस लेकर चुनाव लड सकते हैं। बैठक की शुरूआत में तीन पत्रकार टीपी सिंह, शाद्वल कुमार और राजीव रंजन श्रीवास्तव के दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। बैठक में उपाध्यक्ष उमेश राणा, कोषाध्यक्ष राजकुआर गिरी, कार्यकारिणी समिति सदस्य बबलू कुमार, देवनारायण प्रसाद, आशीष सिन्हा, रजत कुमार, सुनील कुमार शामिल थे।

## उत्क्रमित मध्य विद्यालय डपोक को प्लस टू उच्च विद्यालय में उत्क्रमण करने को लेकर शिक्षा मंत्री से मिले विधायक

### विभागीय मंत्री जगरनाथ महतो ने सचिव को अग्रेतर कार्रवाई के लिए दिया आदेश

**अपेम लाइव: बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**


अकेला यादव

बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय डपोक को +2 उच्च विद्यालय में उत्क्रमण करने को लेकर विभागीय मंत्री जगरनाथ महतो से मिलकर ज्ञापण सौपें । शिक्षा मंत्री को सौंपे ज्ञापण में कहा गया कि उतक्रमित मध्य विद्यालय डपोक में 635 छात्र , छात्राओ का पठन पाठन होता है । इन सभी छात्रों को नवमी और दशमी की कक्षा के लिए 10 किलोमीटर एवं विजैया के छात्रों को 12 किलोमीटर दूर गैड़ा जाना पड़ता है । ग्रामीण परिवेश में होने के कारण इतनी दूरी छात्रों के लिये काफी कठनाई होती है । इसलिए मध्य विद्यालय डपोक को प्लस टू उच्च विद्यालय में उत्क्रमित किया जाए । ज्ञापण पत्र को संज्ञान लेते हुए विभागीय मंत्री जगरनाथ महतो ने सचिव स्कूली शिक्षा एवम साक्षरता विभाग , झारखण्ड को आगे की करवाई की अनुशंसा किया । विधायक के इस कदम को डपोक सहित आस पास के बच्चों, अभिभावकों एवं शिक्षा प्रेमियों ने आभार जताया है।

## इंस्टिट्यूट ऑफ होमियोपैथ ने गरीबो के बीच बाटे गर्म कपड़े और कम्बल

**अपेम लाइव:गिरिडिह**
**मोजाहिद अली**




गांवा, : इंस्टिट्यूट ऑफ होमियोपैथ के सदस्यो ने सेरुआ और माल्डा पंचायत में लगभग तीन दर्जन कंबल का वितरण किया । कार्यक्रम में उपस्थित सेरुवा और माल्डा पंचायत के मुखिया ने कहा कि संस्था आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है। वही जिला परिषद राजेंद्र चौधरी ने कहा कि लोगों को जागरूक करने के साथ साथ बेरा. ेजगारों को रोजगार से जोड़ने का काम कर रही है। युवा नेता सागर चौधरी जी ने कहा कि जब भी इस संस्था को मेरा जरूरत पड़ेगा मैं हर संभव मदद को तत्पर रहूंगा। डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर अशोक दास ने कहा कि जल्द से जल्द अन्य पंचायतों में सिलाई प्रशिक्षण के लिए कैंप लगाने की कोशिश करेंगे। मौके पर ब्लॉक कॉर्डिनेटर पिंटू शर्मा ,सुपरवाइजर प्रेम कुमार, पंचायत कॉर्डिनेटर जितेंद्र सिंह, शैलेश शर्मा एवं पंचायत के दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।




डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 09-01-2022 सच का साथी पेज संo: 04

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

## बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

### हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर




तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदकः बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमा

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर







## कोनरा पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून का संकल्प : कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना ।






सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## कोरोना वायरस की तीसरी लहर में बड़कागांव के लोग बेपरवाह

### कोरोना गाइडलाइन का नही हो रहा पालन, प्रशासन द्वारा मास्क चेकिंग अभियान चलाने की जरूरत

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव दैनिक बाजार में बिना मास्क लगाए घूमते लोग

कोरोना वायरस की तीसरी लहर पूरे भारत सहित झारखंड को अपने चपेट में ले चुका है। जिससे लोग काफी सहमे हुए हैं। ऐसी स्तिथि में भी बड़कागांव के लोग सजग नहीं है। लोग बेपरवाह नजर आ रहे हैं। जिससे कोरोना वायरस के संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। बड़कागांव में भी धीरे धीरे संक्रमित निकल रहे हैं। लेकिन बड़कागांव के 98 प्रतिशत लोग न ही सामा. जिक दूरी का पालन कर रहे हैं न ही मास्क लगा रहे हैं। बाजारों में सैकड़ों की संख्या में भीड़ देखी जा रही है। दुकानदार हो या ग्राहक सबों ने मास्क पहनना छोड़ दिया है। जबकि कोरोना वायरस से बचने एवं इसके संक्रमण को रोकने के लिए सबसे जरूरी है मास्क पहनना। कोविड-19 की दूसरी लहर के समाप्ति के बाद मास्क पहनने के प्रति लोगों में जागरुकता में कमी देखी जा रही है। पिछले वर्ष प्रखंड में कोरोना वायरस से पीड़ित कई लोगों की मौत हो चुकी है। इसके बावजूद भी लोग इस बीमारी के रो. कथाम व कोविड-19 से बचाव के लिए एतिहात नहीं बरत रहे हैं।

**नहीं चल रहा बड़कागांव में मास्क चेकिंग अभियान**

प्रशासन के द्वारा कोरोना के दूसरे लहर में मास्क पहनने के प्रति नियमित चेकिंग अभियान चलायी जाती रही है। लेकिन कोरोना वायरस की संख्या बढ़ने के बाद भी बड़कागांव में मास्क के लिए चेकिंग अभियान नहीं चलाया जा रहा है। जिसके कारण स्थिति बिगड़ती सकती है। अगर स्तिथि यही बनी रही और बड़कागांव में कोरोना जांच किया गया तो अभी ही सैंकड़ों की संख्या में संक्रमित मिल सकते हैं।

## बीएम मेमोरियल स्कूल में 15 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए लगाया गया वैक्सीनेशन कैंप

### बच्चों में वैक्सीन लेने के प्रति दिखा उत्साह : संदीप कुशवाहा

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




वैक्सीनेशन के दौरान उपस्थित बच्चे

प्रखंड के अंग्रेजी माध्यम से संचालित विद्यालय बीएम मे. मोरियल स्कूल में 15 से 18 वर्ष के बच्चों के लिए एएनएम अनीता मींज के देखरेख में वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन किया गया। मौके पर विद्यालय व आ. सपास के 78 बच्चों ने वै. क्सीनेशन करवाया। कैंप में देखा गया कि बड़े लोगों के तुलना में बच्चों में वैक्सिंग लगवाने का काफी उत्साह देखा गया। मौके पर बीएम मेमोरियल स्कूल के निदेशक संदीप कुशवाहा ने कहा कि वैक्सिंग जल्द से जल्द सभी बच्चे लगवा ले ताकि कोरोना को हराने में मदद मिलेगा। मौके पर उपस्थित एएनएम पूनम मिंज ने कहा कि बच्चों में बड़ों से ज्यादा वैक्सीन लगवाने के प्रति उत्साह देखा जा रहा है। यह काफी अच्छा है इससे यह लगता है कि बहुत जल्द करो ना हारेगा और भारत जीतेगा।मौके पर मुख्य रूप से एएनएम अनिता मींज, स्वास्थ्य कर्मी बसंत कुमार,सहिया दीदी उर्मिला देवी,विद्यालय के शिक्षक संदीप शर्मा एरिका टोप्पो सहित विद्यालय के शिक्षक मौजूद थे।

## मलडीह घाटी जंगल से अवैध कोयला लदा दो ट्रैक्टर जप्त किया

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



कोयला लदा ट्रैक्टर व उपस्थित वनकमह्र

बड़कागांव वन विभाग के वन क्षेत्र पदाधिकारी छोटे लाल साव के नेतृत्व में वन विभाग ने औचक छापेमारी कर मलडीह अनुसूचित वन क्षेत्र से दो अवैध कोयला लदा वेटर जप्त किया । वन कर्मियों के द्वारा करवाई को लेकर अवैध कोयला लदा दोनों ट्रैक्टर को बड़कागांव वन क्षेत्र कार्यालय ले लाया गया है।वन क्षेत्र पदाधिकारी छोटे लाल साहू ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। लोगों से अवैध रूप से कोयला कारोबार नहीं करने की नसीहत दी है कहा कि जो भी व्यक्ति अवैध कोयला कारोबार में पकड़े जाएंगे निश्चित तौर पर उन्हें जेल भेजा जाएगा।

## चंदौल पंचायत के जंगलों में जोरो से पेड़ों की कटाई,वन विभाग मौन

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**



काटे गए पेड़

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत चंदौल पंचायत के चंदौल जंगल लकुरा से सटे सीमानो में बेधड़क जंगलों की कटाई जोरों पर है। लोग रोजाना पेड़ों की कटाई करके जलावन के लिए ले जा रहें हैं। स्थानीय जनप्रतिनिधि व वन समिति किसी तरह का सक्रियता नहीं दिखा रहें हैं, जंगलों की कटाई को रो. कने में। पेड़ों को देखने से लगता है कि तीन-चार साल पहले बड़कागांव वन विभाग के द्वारा लगाया है। लेकिन वन विभाग व बन समिति कि सक्रीयता नहीं रहने के कारण ये पेड़ कट रहें हैं। पेड़ अब ठीक तैयार हो गया था अब पेड़ मोटाई पकड़ने के कगार पर है। मामले को गंभीरता से लेते हुए रेंजर छोटे लाल साव ने ग्रामीणों को हिदायत देते हुए कहा कि जंगल से लकड़ी काटना गैरकानूनी है पकड़े जाने पर निश्चित तौर पर उन्हें जेल भेजा जाएगा।

## पंजाब में प्रधानमंत्री को रोके जाने पर आजसू पार्टी ने किया निंदा

**अपेम लाइव : बड़कागांव**
**अमित मालाकार**




प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते रोशन लाल चौधरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काफिले पर पंजाब सरकार के द्वारा सिक्योरिटी में चूक होने को लेकर आजसू पार्टी ने कड़ा विरोध जताया है। आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशन लाल चौधरी ने बड़कागांव में प्रेस क०न्फ्रेंस कर कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काफिले को 20 मिनट तक रोके जाना और सिक्योरिटी में चूक होना यह काफी निंदनीय है। इसके साथ-साथ आजाद भारत में रहकर खालिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाना यह कतई बर्दाश्त करने लायक नहीं है। आगे उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व्यक्ति विशेष के प्रधानमंत्री या किसी पार्टी के प्रधानमंत्री नहीं हैं बल्कि वे पूरे भारत के प्रधानमंत्री हैं। उनके काफिले पर इस तरह का चूक होना यह काफी निंदनीय है। आजसू पार्टी केंद्र सरकार से मांग करती है कि इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर सख्त सख्त कारवाई किया जाय। मौके पर मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य संदीप कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष भोला महतो, प्रखंड सचिव कामेश्वर महतो, कार्यकारी अध्यक्ष चंदन सिंह, राजू सोनी,रवि राम ,अरविंद मालाकार,प्रदीप महतो, घनश्याम महतो, गुरुदयाल ठाकुर, विजय महतो सहित कार्यकर्ता मौके पर मौजूद थे।

## पूर्व विधायक ने किया ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**



उद्घाटन के पश्चात केंद्र में मौजूद पूर्व विधायक

विष्णुगढ़ प्रखंड के मड़मो में रविवार को बैंक अ०फ इंडिया के ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन किया गया। बगोदर के पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो ने फीता काटकर केंद्र का उद्घाटन किया। ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक अर्जुन महतो हैं। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि बैंक का ग्राहक सेवा केंद्र खुलने से ग्रामीणों को काफी सुविधा होगी। रुपये पैसे की जमा व निकासी के अलावा बैं. कंग संबंधी सभी कार्य इस केंद्र के माध्यम से आसानी से होंगे। अब ग्रामीणों को दूर जाने की परेशानी से निजात मिलेगा। मौके पर ग्राम प्रधान महेंद्र गंझू, सांसद प्रतिनिधि सुखदेव महतो, कैलाश महतो, बिजय महतो, जिबाधन महतो, घनश्याम महतो, टहल महतो, दिनेश महतो, नुनुचंद महतो, लक्ष्मण महतो, चेतलाल महतो, लखेश्वर महतो, मुकेश सिंह, टोकन राम, संदीप महतो, गौतम कुमार, बबिता कुमारी, सावित्री कुमारी, पप्पू कुमार, भोला महतो, आर्या कुमार, राजेंद्र कुमार समेत कई लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

APEM LIVE

दिनांक: 09-01-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## बगोदर विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब हुए कोरोना संक्रमित

**अपेम लाइव : विष्णुगढ़**
**मिथिलेश गोल्डी**

बगोदर विधायक बिनोद सिंह के प्रतिनिधि शेख तैयब कोरोना संक्रमित हो गए हैं। शुरुआती दौर में उन्हें सर्दी–जुकाम के बाद हल्की बुखार की शिकायत थी। जिसके बाद उन्होंने कोरोना जाँच कराया।जिसमें संक्रमण की पुष्टि हुई। इससे पूर्व भी कोरोना की पहली लहर में वे संक्रमित होकर काफी गंभीर हो गए थे। उनका इलाज राँची के रामप्यारी अस्पताल में गहन चिकित्सा कक्ष में हुई थी। जिसमें उन्होंने कोरोना को मात दी थी। इस बार वे दूसरी बार संक्रमित हुए हैं और फिलहाल सात दिनों की होम आइसोलेशन में हैं। उनके कोरोना संक्रमित होने से उनके शुभचिंतकों और समर्थकों में काफी निराशा छा गई है। लोग उनके कुशल स्वास्थ्य की कामना कर रहे हैं। विधायक प्रतिनिधि शेख तैयब ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि संक्रमण दूर होने तक कोई भी उनसे न मिलें। हाल में जो भी लोग उनसे मुलाकात किए हैं, वे अपना जांच जरूर करवा लें। इसके अलावा कोरोना गाइडलाइन का आवश्यक रूप से पालन करें।



**कोरोना जांच कराते विधायक प्रतिनिधि**

## पीएम नरेंद्र मोदी की दीर्घायु के लिए पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजेश प्रसाद ने किया पूजा–पाठ

**अपेम लाइव : बड़गांव**



पंजाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काफिले में सुरक्षा में हुई चूक के बाद पीएम की दीर्घायु के लिए पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा के रामगढ़ जिलाध्यक्ष राजेश प्रसाद ने बर बंदा गोसाय मंदिर मे पूजा अर्चना की साथ ही उन्होंने कहा की देश की करोड़ों जनता और भगवान को धन्यवाद कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जीवन सुरक्षित है, वरना कांग्रेस और गांधी परिवार ने कोई कसर नहीं छोड़ी थी, ये इस देश में पहले कभी नहीं हुआ था। प्रधानमंत्री की सुरक्षा की जवाबदारी राज्य सरकार की थी । जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि ये प्रधानमंत्री की जिंदगी से खिलवाड़ नहीं, ये राष्ट्र की सुरक्षा से खिलवाड़ है. क्या कांग्रेस की सरकार नफरत से इतनी भर गई है कि प्रधानमंत्री की सुरक्षा से खेल जाए. ये आपराधिक षड्यंत्र है और देश की जनता इसके लिए कभी कांग्रेस का माफ नहीं करेगी ।

## गिरिडीह के मुंद्रा राइस मिल में एक कर्मी की मौत, प्रबंधन की लापरवाही आई सामने

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**चन्दन पाण्डेय**



गिरिडीह के मुफ्फसिल थाना के औद्योगिक क्षेत्र के विशाश्वदीह स्थित मुंद्रा राइस मिल में गैस से दम घुटने से 23 वर्षीय सद्दाम आलम की मौत शनिवार की शाम हो गई. मृतक की मौत धनबाद में इलाज के दौरान हो गई. मृतक के परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है. परिजन माले नेता राजेश सिन्हा और राकेश यादव के साथ फैक्ट्री गेट के बाहर धरने पर बैठ गए हैं. लापरवाह फैक्ट्री मालिक और मैनेजर ने गेट खोलना तक जरूरी नहीं समझा. फिलहाल गेट के बाहर माले नेताओ और परिजनों का धरना जारी था. बताया गया है गैस की चपेट में आने के बाद भी फैक्ट्री प्रबंधन ने सद्दाम को अस्पताल नहीं भेजा. साथी कर्मियों ने उसे पहले सदर अस्पताल पहुंचाया. जहां से ड०क्टर ने सद्दाम को प्राइवेट ह०स्पिटल रेफर कर दिया. इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई. सद्दाम फैक्ट्री में मशीन वेल्डिंग का काम करता था.


## सीएस से मिली ऐपवा और माले नेता

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**चन्दन पाण्डेय**

ऐपवा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल गिरीडीह सदर पहुच कर गिरीडीह जिला चिकित्सा पदाधिकारी से मिल कर प्रखंड प्रशिक्षक दल (ग ठज्ज ) की गलत तरीके से हुई स्थानांतरण को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि इस स्थानांतरण में जिला हाईकमान द्वारा बुनियादी बातों को नजर. अंदाज किया गया जिससे प्रखंड प्रशिक्षक दल से जुड़ी महिलाओं को उनके निवास स्थान से काफी दूर एवम बिना क०उंसलिंग में बुला कर उनका तबादला दूसरे और दूर ब्ल०क में कर दिया गया है जिससे उनको काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इन्हें मिलने वाला प्रोत्साहन राशि भी इतना कम है कि दूर ब्ल०क में जाने का खर्च भी नहीं निकल रहा है। तबादले में घोर मनमानी की बात की गई है। जिला चकित्सा पदा. धिकारी से उन्होंने मांग कीहै कि उनका स्थानांतरण पुर्व के स्थान में कर दिया जाए । इस प्रतिनिधिमंडल में ऐपवा की राज्य कमिटी सदस्य जयंति चौधरी, प्रीति भास्कर, फूल देवी, माले के गिरीडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा, निशांत भास्कर, गीता देवी, मीना देवी, अर्जुन मोदी आदि कई लोग उपस्थित थें।

## पहाडीडीह वार्ड नंबर 33 में लोगो का जीना हुआ मुहाल
## नाली सड़क के लिए 20 साल से है लोग परेशान : माले राजेश सिन्हा

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**चन्दन पाण्डेय**



माले के अब्दुल शुभान और मुस्तफा की अगुवाई में वार्ड का विजिट किया गया,पिछले कई दसक से पहाडीडीह वार्ड तैतीस में न नाली है न सड़क है, लोग गंदगी के अंबार में रहते है, सुबह तड़के माले की टीम पहुँची मुहल्ले वासियों के पास,एक एक गली में घूमघूम कर जायजा लिया। महिलाएं,बुजुर्ग औरबच्चे प्रत्येक दिन गिरते है नाली में।लोग नगरनिगम और वार्ड पार्षद से परेशान है,लोग 100 बार से ज्यादा बोले ठिक कराया जाय लेकिन कोई पहल वार्ड कमिश्नर का नहीं है। उपस्थित मो न०साद,पप्पू जाकिर,असरफ, मो सुल्तान, मुस्तफा, मुन्ना, छोटू, अप्पू, शाहिल सामील थे। टीम के साथ माले गिरिडीह विधानसभा प्रभारी राजेश सिन्हा भी मौजूद थे एक एक जगह जा कर खुद देखा कई जगह इतना शकरा है कि गिरना आम बात है,एक सप्ताह के अंदर इसपर नगर निगम संज्ञान ले,वरना नगर निगम में कोरोना प्रोटोक०ल को ध्यान में रखकर बैठ जाएंगे धरना पर।

